निरीक्षण टिप्पणी

श्री विवेक पाण्डेय वन संरक्षक, दक्षिणी कुमाऊ वृत उत्तराखण्ड नैनीताल द्वारा दिनॉक 5–6–2015 को प्रस्तावित धुधुखान सौड मोटर मार्ग एंव देवीपुरा सौड मोटर मार्ग के मध्य मिसिंग लिंक मार्ग के निर्माण हेतु 0.360 है0 वन भूमि प्रकरण के सम्बन्ध में निरीक्षण टिप्पणी।

दिनॉक 5–6–2015 को विषयगत प्रस्तावित मोटर मार्ग का स्थल निरीक्षण अधोहस्ताक्षरी द्वारा उप प्रभागीय वनाधिकारी श्री उमेश चन्द्र तिवारी ,वन क्षेत्राधिकारी कोसी श्री एन0सी0 जोशी, क्षेत्रीय कर्मचारी लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियन्ता , सहायक अभियन्ता अवर अभियन्ता तथा क्षेत्रीय जन प्रतिनिधियों के साथ किया गया। उक्त प्रस्तावित मोटर मार्ग **धुधुखान सौड मोटर मार्ग एंव देवीपुरा सौड मोटर मार्ग के मध्य मिसिंग लिंक मार्ग मार्ग का निर्माण किया जाना है** । उप प्रभागीय वनाधिकारी नैनीताल द्वारा अवगत किया कि धुधुखान सौड मोटर मार्ग के निर्माण की 11 किमी0 की स्वीकृति अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड लो0नि0वि0 नैनीताल को वर्ष 2006 में प्राप्त थी एंव देवीपुरा सौड मोटर मार्ग के निर्माण की 29 किमी0 की स्वीकृति 2007 में अधिशासी अभियन्ता पी0एम0जी0एस0वाई0को प्राप्त थी । जिसमें दोनो मार्ग के मध्य 660 मीटर मार्ग भाग छूट गया, प्रयोक्ता एजेन्सी द्वारा धुधुखान सौड एंव देवीपुरा सौड मोटर मार्ग के मध्य मिसिंग प्रस्ताव गठित किया गया । जिसमें 400 मीटर लम्बाई तथा 7 मीटर चौडाई में 0.360 है0 वन पंचायत भूमि एंव 260 मीटर में नाप भूमि प्रभावित होती हैं ।

प्रस्तावित मार्ग के प्रस्ताव में 34 वृक्ष विभिन्न प्रजाति के प्रभावित होते हैं। जिसमें बॉज के वृक्षों की संख्या 3 हैं । अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत किया कि उक्त 34 वृक्ष में से विभिन्न प्रजाति के 0–10 तथा 10–20 व्यास सेमी0 के कमशः 14 तथा 2 वृक्ष कुल 16 वृक्षों में से बॉज के 0–10 तथा 10–20 व्यास सेमी0 के कमशः 1 तथा 1 वृक्ष कुल 2 वृक्ष सम्मल्लित हैं, की प्रत्यारोपण में जो भी व्ययभार आयेगा,उसको प्रयोक्ता एजेन्सी द्वारा वहन किये जाने के सम्बन्ध में प्रभाण पत्र दिया गया । उप प्रभागीय वनाधिकारी नैनीताल द्वारा अवगत कराया गया कि 16 वृक्षों के प्रत्यारोपण की योजना तथा अधिशासी अभियन्ता प्रा0खण्ड नैनीताल द्वारा दिया गया प्रमाण पत्र ऑन लाईन, अतिरिक्त सूचना में अंकित किया जा चुका हैं ।

अधिशासी अभियन्ता तथा जनप्रतिनिधियों द्वारा यह भी अवगत किया कि उक्त प्रस्तावित मार्ग के निर्माण से ग्राम सौड, धुधुखान, बासी तथा देवीपुरा जिनकी जन संख्या 2264 है, लाभान्वित होते हैं ।

उक्त प्रस्तावित मार्ग में 34 वृक्ष प्रभावित होनें व 0–10 तथा 10–20 व्यास सेमी0 के 16 वृक्षों के प्रत्यारोपण में होने वाले व्ययभार वहन करने के सम्बन्ध में दिये गये प्रमाण पत्र के अनुसार तथा उक्त प्रस्तावित मार्ग के प्रस्तावित समरेखन में प्रभागीय वनाधिकारी नैनीताल द्वारा दी गई स्थल निरीक्षण रिर्पोट संस्तुति सहित जो ऑन लाईन प्रेषित की गई हैं, से अधोहस्ताक्षरीं सहमत हैं ।

(विवेक पाण्डेय)
वन संरक्षक,
दक्षिणी कुमाऊ वृत उत्तराखण्ड नैनीताल।